**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 15.02.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, तरुणमित्र न्यूज़, आज, न्यायाधीश, ज्ञानशिखा टाइम्स,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 15.02.2025

### वीडीए ने ध्वस्त कराई तीन बीघे की अवैध प्लॉटिंग

**वाराणसी।** वीडीए ने कटेसर में तीन बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। रामनगर वार्ड के कटेसर मुगलसराय में अज्ञात की ओर से बगैर ले आउट स्वीकृत कराए तीन बीघे में अवैध प्लॉटिंग विकसित की जा रही थी। इसे वीडीए के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश ने पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कराया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने आम जनता से अपील की कि वीडीए से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें। ब्यूरो

## तरुणमित्र न्यूज–दि0 15.02.2025

### वीडीए की टीम ने अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-5 की प्रवर्तन टीम ने अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध शुक्रवार को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को अंजाम दिया। वार्ड-रामनगर के अन्तर्गत अज्ञात द्वारा मौजा-कटेसर, थाना - मुगलसराय में लगभग 3 बीघा की अवैध प्लाटिंग बिना ले -आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी द्य उक्त अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया इस दौरान मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश,अवर अभियंता अशोक यादव प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

आज–दि0 15.02.2025

## दो निर्माणाधीन भवन हुए सील

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर गुरूवार को भेलूपुर वार्ड के गौरीगंज क्षेत्र में भवन संख्या बी १५/६६ में निवास कर रहे आशुतोष उपाध्याय ने बीना मानचित्र स्वीकृत कराये भवन का निर्माण कार्य कर रहे थे। इसी प्रकार वार्ड सिकरौल के अन्तर्गत इंग्लिया लाइन के समीप चर्च कम्पाउंड के समीप बीना मानचित्र स्वीकृत के भवन निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायत के आधार पर जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्र, अवर अभियंता प्रिया अग्रहरि और जोनल अधिकारी संजीव कुमार और अवर अभियंता आर्देश निराला ने निर्माणाधीन हो रहे भवनों का सील करते हुए संबंधित थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया।

न्यायाधीश–दि0 15.02.2025

## वीडीए जोन-5 द्वारा की गई अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-5 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड- रामनगर के अन्तर्गत अज्ञात द्वारा मौजा- कटेसर, थाना - मुगलसराय में लगभग 03 बीघा की अवैध प्लाटिंग बिना ले -आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी। उक्त अवैध प्लाटिंग को आज 14.02.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया। इस मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक यादव प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 15.02.2025

## वाराणसी विकास प्राधिकरण जोन-5 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही


वाराणसी। वार्ड- रामनगर के अन्तर्गत अज्ञात द्वारा मौजा–कटेसर, थाना – मुगलसराय में लगभग 03 बीघा की अवैध प्लाटिंग बिना ले -आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी द्य उक्त अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियंता अशोक यादव प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।उपाध्यक्ष महोदय द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 15.02.2025

# मुगलसराय में वीडीए ने ध्वस्त की अवैध प्लाटिंग

जिला संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को मुगलसराय के कटेसर में बिना ले आउट के 60 बिस्वा में की गई प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाया। प्लाटिंग करने वालों ने प्लाट काटने को बाद जो बाउंड्री कराई थी, वीडीए के प्रवर्तन दल ने उसे बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। वीडीए ने कटेसर में प्लाटिंग करने वालों के बारे में पता लगाया लेकिन जानकारी नहीं मिल पाई कि प्लाटिंग करने वाले कौन है। वीडीए की प्रवर्तन टीम ने लाउड हेलर के माध्यम से चेतावनी दी कि वीडीए से बिना ले आउट पास कराए प्लाटिंग करने पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।



**शहर के बाहरी इलाकों में बस रही अवैध कालोनियां**- वाराणसी में इन दिनों शहरी क्षेत्र के सटे ग्रामीण इलाको में किसानों की जमीन एग्रीमेंट कराकर जमीन की खरीद फरोख्त करने वाले लोगों को प्लाट बेच रहे हैं। रोहनिया थाना क्षेत्र में गुरुवार को वीडीए ने 140 बिस्वा पर हो रही प्लाटिंग को ध्वस्त किया था। प्लाट की साइज से हिसाब से जो प्लाट बिकता है, जमीन मालिक को उसका हिस्सा मिल जाता है। वीडीए से नक्शा, लेआउट पास कराए बिना बड़ी जमीनों का एग्रीमेंट कराकर पब्लिक को ऊंचे दामों पर बेचकर निकल जाते हैं।

मेहनत की कमाई से खरीदी जमीन पर लोग अपना आशियाना बनाने के सपने देखते हैं, इस बीच वीडीए का बुलडोजर पहुंचता है और उनके जमीनों की बाउंड्री ध्वज करके चला जाता है। अब जमीन का धंधा करने वाले अपना प्रॉफिट लेकर निकल जाते हैं और परेशान होते है जमा पूंजी इकट्ठा कर प्लाट खरीदने वाले।